# प्रोजेक्ट पर विस्तृत टीप

''मेसर्स जियो डिज़ीटल फायबर प्रायवेट लिमिटेड'' द्वारा बालोद जिले के बालोद वनमंडल अंतर्गत सोरली–डोंडीलोहारा, दल्लीराजहरा –गोटाटोला, दल्लीराजहरा – बालोद, दल्लीराजहरा –भानुप्रतापपुर, धमतरी –चारामा, कोरर– मालगांव, अंगारा– भानुप्रतापपुर एवं राजनांदगांव – दल्लीराजहरा के मुख्य मार्गों के समानांतर कुल 197.560 कि.मी. सड़क के किनारे राईट ऑफ–वे (RoW) अंतर्गत आप्टिकल फायबर केबल बिछाने का कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य को संपादित करने हेतु आवश्यक लागत रूपये 546 लाख है।

मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण से एल.डब्ल्यू.ई. क्षेत्रों में इंटेलिजेंस, मॉनिटरिंग, शिक्षा, चिकित्सा तथा रोजगार सृजन के अवसर में वृद्धि होकर उस क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास भी होगा, इसके अतिरिक्त इन क्षेत्रों में पदस्थ सैनिक एवं अर्द्धसैनिक बलों तथा पुलिस के जवानों में पारस्परिक संवाद, सुविधा एवं आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध होगी, जिससे कि उग्रवाद के विस्तार में अंकुश लगेगा, साथ ही साथ हमारे जवानों के जीवन रक्षा में अत्यंत सहयोगी होगा ।

उपरोक्तानुसार कुल 197.560 कि.मी. सड़क के किनारे राईट ऑफ–वे (RoW) अंतर्गत आप्टिकल फायबर केबल बिछाने का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें से 57.900 कि.मी. वनक्षेत्र से होकर गुजरती है एवं कुल 2.895 हेक्टेयर वनभूमि प्रभावित हो रही है। जिसका वन संरक्षण अधिनियम 1980 (FCA 1980) अंतर्गत व्यपवर्तन किया जाना है। व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित 2.895 हेक्टेयर वनभूमि की मांग आवश्यक एवं न्यूनतम है तथा इसके अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं है।

Jio Digital Fiber Pvt. Ltd.

**(अमर कुमार सिंह)**
**महाप्रबंधक (कार्पो. अफेयर्स)**
ज़ियो डिज़ीटल फायबर प्रायवेट लिमिटेड
चतुर्थ तल, अम्बुजा मॉल, विधानसभा रोड,
मोवा (सड्डू), रायपुर (छ.ग.)